News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-65
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते, और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

# बिहार सिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM
बिहार, मंगलवार, 11 जून 2024

## बिहार के हाजीपुर में सड़क हादसा दो की मौत, चार लोग गंभीर रूप से घायल



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** हाजीपुर, बिहार में गाड़ियों की तेज रफ्तार की चपेट में आकर असमय ही लोगों की जान जा रही है। ताजा घटना हाजीपुर में हुई है, जहां दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना मुजफ्फरपुर-हाजीपुर एनएच 22 पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा के पास की है। बताया जा रहा है कि रतनपुरा के पास सकड़ किनारे एक कंटेनर खड़ा था, तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार कंटेनर में जा घुसी। जोरदार आवाज सुनकर आस पास के लोग घटनास्थळ पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला कार सवार लोगों में एक कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान अस्पताल मे हो गई। विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया है, जिससे एनएच पर आवागमन बाधित हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है।

## तीन दिनों से नहीं मिल रही बिजली

### दो दर्जन उपभोक्ता प्रखंड बिधुत आपूर्ति केंद्र पर पहुंच किया जमकर प्रदर्शन




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** तुरकौलिया, तीन दिनों से बिजली नही मिलने पर करीब दो दर्जन उपभोक्ता प्रखंड बिधुत आपूर्ति केंद्र पर पहुंच जमकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारी बेलदारी टोला के थे. तीन दिन पहले बोरिंग चौक स्तिथ 63 केवीए का ट्रंसफॉर्मर जल गया था. जिसके वजह से बोरिंग चौक, निमुइया मोड़, बेलदारी टोला आदि गावं अंधरे में रहने को मजबूर हो गए थे. प्रदर्शनकारियों में से वार्ड सुनील प्रसाद, पूर्व सरपंच अमरेंद्र तिवारी, विनय कुमार, नितेश कुमार, धुनिया देवी, मालती देवी आदि का कहना था कि एक सप्ताह के भीतर दो ट्रंसफॉर्मर जल गया है . तीन दिन ट्रंसफॉर्मर को जले हो गया लेकिन अभी तक नही बदला गया. इस भीषण गर्मी में उनका जीना मुश्किल हो गया है. तीन दिनों से पूरा अंधेरे में है. बिजली नही रहने से नलजल का पानी नही मिल रहा है. वही अंधेरे में खाना बनाने में कठिनाई हो रही है. यहां तक कि मोबाइल भी बंद हो गया है. सबसे ज्यादा कठिनाई छोटे बच्चों को हो रहा है. गर्मी से तबियत बिगड़ रहा है.

### चिराग पासवान ने संभाला खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का कार्यभार, कहा-

## फूड प्रोसेसिंग एक बड़ी जिम्मेदारी है...





नई दिल्ली/पटना- केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने नए मंत्रिमंडल में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान चिराग पासवान ने कहा, प्रधानमंत्री ने जो जिम्मेदारी दी है उसे इमानदारी से निभाने के संकल्प के साथ यहां आया हूं। फूड प्रोसेसिंग एक बड़ी जिम्मेदारी है, आने वाला समय फूड प्रोसेसिंग का ही है। चिराग पासवान ने आगे कहा, मैं, मेरे पिता राम विलास पासवान से सीखते हुए उनकी सोच को आगे बढ़ाते हुए और प्रधानमंत्री के विकसित देश के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से इस विभाग की एक अहम भूमिका देखता हूं। फूड प्रोसेसिंग मंत्री बनाए जाने पर चिराग पासवान ने कहा कि मुझे एक ऐसे विभाग की जिम्मेदारी दी गई है जिसका मैंने अपने विजन दस्तावेज में भी उल्लेख किया था। हमारा कृषि प्रधान देश है ऐसे में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि किसान जो उत्पादन करते हैं उसका प्रसंस्करण, पैकेजिंग और मार्केटिंग बढ़िया हो... यह देश में न सिर्फ बड़े तादाद में रोजगार के अवसर देंगे बल्कि आने वाला समय इस विभाग का है। बता दें कि खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ''हनुमान%% बताने वाले चिराग पासवान केंद्र में अब मंत्री के रूप में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। चिराग पासवान ने इस बार आम चुनाव में राजग के कोटे से अपनी पार्टी के लिए पांच सीटें हासिल कर यह जता दिया कि वह सियासत की बिसात पर गोटियां बिछाने के मामले में अपने पिता के असल वारिस हैं।

## नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेते ही इतिहास रचा

### जानिए किसको मिला कोनसा मंत्रालय



नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेते ही इतिहास रच दिया है. मोदी भारतीय राजनीति के दूसरे ऐसे नेता बन गए है जिन्होंने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है. इससे पहले केवल भारत में पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने यह कारनामा किया था. भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता, मोदी ने अपने करिश्माई नेतृत्व और व्यापक जन समर्थन के बल पर लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है.पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के साथ ही मंत्रिमंडल में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन और नए चेहरे शामिल किए गए हैं. नई कैबिनेट का गठन इस प्रकार किया गया है कि वह देश की वर्तमान चुनौतियों और अवसरों का प्रभावी ढंग से सामना कर सके. जिसमे हम आपको बताएंगे की आखिर किनको क्या ज़िम्मेदारी दी गयी हैं

1. नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय
2. अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा सड़क परिवहन राज्यमंत्री
3. एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय, अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय
4. राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, अमित शाह को गृह मंत्रालय
5. निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्रालय
6. मनोहर लाल को ऊर्जा मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय
7. तोखन साहू शहरी विकास मंत्रालय में राज्यमंत्री
8. श्रीपद नाइक ऊर्जा मंत्रालय में राज्यमंत्री
9. वित्त मंत्री बनी रहेंगी निर्मला सीतारमण
10. हरदीप सिंह पुरी पेट्रोलियम मंत्री बने रहेंगे
11. पीयूष गोयल को वाणिज्य मंत्रालय
12. अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्रालय, सूचना प्रसारण मंत्रालय
13. शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय
14. धर्मेंद्र प्रधान को ।ाक्ष्ठ मंत्रालय का प्रभार
15. शोभा करंदलाजे लघु उद्योग राज्यमंत्री
16. जीतनराम मांझी लघु उद्योग मंत्री बने
17. किरेन रिजिजू संसदीय कार्य मंत्री बने
18. सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय
19. राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन
20. गजेंद्र शेखावत संस्कृति और पर्यटन मंत्री
21. सुरेश गोपी राज्यमंत्री संस्कृति और पर्यटन
22. भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय
23. जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय
24. चिराग पासवान को खेल और युवा कल्याण मंत्रालय
25. सर्बानंद सोनोवाल को पोर्ट शिपिंग मंत्रालय
26. शांतनु ठाकुर पोर्ट शिपिंग राज्यमंत्री
27. ललन सिंह पंचयाती राज मंत्री बनाए गए
28. गिरिराज सिंह को टेक्सटाइल मंत्रालय,जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय
28. पीयूष गोयल वाणिज्य मंत्री
29. ज्योतिरादित्य सिंधिया टेलीकॉम मंत्री

## सांसद पप्पू यादव पर FIR दर्ज

### 1 करोड़ की रंगदारी मांगने का आरोप



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** पूर्णिया, बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव जीतने वाले पप्पू यादव के खिलाफ चुनाव जीतने के 6 दिन बाद ही केस दर्ज हो गया है. पूर्णिया के एक बड़े फर्नीचर व्यवसाई ने पप्पू यादव पर एक करोड़ रुपए मांगने का आरोप लगाया है. पूर्णिया पुलिस के मुताबिक पीड़ित फर्नीचर व्यवसाई ने शिकायत में बताया है कि 4 जून को मतगणना वाले दिन पप्पू यादव ने उसे अपने घर बुलाया था. जब व्यवसाई पप्पू यादव के घर पहुंचा तो उन्होंने उससे 1 करोड़ रुपए देने के लिए कहा.

## मोतिहारी के आदापुर थाना फर्जी चौकीदार से थाने में कराई जा रही ड्यूटी

### फर्जी चौकीदार पर 420 का मामला दर्ज




**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ** मोतिहारी, मोतिहारी के आदापुर थाना से है जहां एक फर्जी चौकीदार से थाने में ड्यूटी कराया जा रहा है। जिसको लेकर थाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार फर्जी चौकीदार पर 420 करने के मामले में थाना में प्राथमिक की दर्ज है। फिर भी फर्जी चौकीदार थाना क्षेत्र में वर्दी पहनकर थाना में और क्षेत्र में घूमते रहता है, जो जांच का विषय।